कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रूद्रप्रयाग, उत्तराखण्ड

(जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति, रूद्रप्रयाग)
बद्रीनाथ रोड, रूद्रप्रयाग –246171
ई.मेल- cmorpg2021@gmail.com

दिनांक– 22.04.2022

पत्रांक– CMO/NHM/NTCP/2021–22/5027

प्रेषक,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
रूद्रप्रयाग।

सेवा में,

जिला पंचायत राज अधिकारी,
रूद्रप्रयाग।

विषय– राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत तम्बाकू मुक्त बनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अवगत करना है कि राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्य सचिव महोदय, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एन0टी0सी0पी0) की state level Coordination committee (SLCC) की दिनांक 12 अक्टूबर, 2021 को बैठक आहूत की गयी थी। बैठक का कार्यवृत्त आवश्यक कार्यवाही हेतु आपको पूर्व में प्रेषित किया गया था। कार्यालय मिशन निदेशक के पत्र संख्या– UKHFWS/NHM/NCD/2016/NTCP Letter///5198 के दिनांक 30.03.2022 के अनुपाल के कम में जिसके अन्तर्गत कार्यवृत्त के बिन्दु संख्या–07 राज्य के प्रत्येक विकासखण्ड में एक ग्राम पंचायत को तम्बाकू मुक्त घोषित करने की कार्यवाही किये जाने हेतु कार्यवाही की जाए, जिसमें पंचायत स्तर से सचिव प्रधान, सरपंच, ग्राम प्रधान को उत्तरदायित्व प्रदान करते हुए कार्यवाही की जाएगी। **(संलग्नक)**

उक्त प्राप्त निर्देशों के कम में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एन0टी0सी0पी0) के अन्तर्गत सिगरेट तथा अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध एवं व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनिमय) अधिनियम 2003 के प्रभावी कियान्वयन हेतु राज्य के समस्त जनपदों में ग्राम पंचायतों को तम्बाकू मुक्त बनाया जाना है।

अतः उक्त निर्देशों के कम में अपने अधिनस्त प्रत्येक विकास खण्ड में एक ग्राम पंचात को तम्बाकू मुक्त किया जाना है, जिस हेतु उक्त प्राप्त निर्देशों के कम में आतिथि तक की कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय को अवगत कराने का कष्ट करें।

O/c मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
रूद्रप्रयाग।

पत्रांक एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याल निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड देहरादून।
3. जिलाधिकारी, रूद्रप्रयाग।
4. राज्य नोडल अधिकारी, एन0टी0सी0पी0, उत्तराखण्ड, देहरादून।

O/c मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
रूद्रप्रयाग।